हिन्दुस्तान

## भारत मंडपम... एक छत के नीचे मिनी भारत की झलक

# तकनीक-नवाचार से रूबरू होंगे अतिथि

जी-20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर कन्वेंशन सेंटर स्थित भारत मंडपम में कई तरह की प्रदर्शनियां भारत की तकनीकी शक्ति और नवाचार का प्रदर्शन करेंगी तथा आगंतुकों को कई अनूठे अनुभव प्रदान करेंगी। आइए जानते हैं इन प्रदर्शनियों के बारे में-

### सांस्कृतिक गलियारा

जी-20 के सदस्य देशों तथा आमंत्रित देशों की साझा विरासत का प्रतिनिधित्व करेगा और इसका जश्न मनाएगा। इसमें सदस्य देशों और 9 आमंत्रित देशों की प्रतिष्ठित और उल्लेखनीय सांस्कृतिक वस्तुएं और विरासत शामिल होंगी। नौ आमंत्रित देशों की सांस्कृतिक वस्तुएं और विरासत शामिल।

### भुगतान प्रणाली अनुभव केंद्र

यूपीआई वन वर्ल्ड यूपीआई है, जो आने वाले मेहमानों के लिए बनाया गया है। जिनके भारत में बैंक खाते नहीं हैं। विदेशी नागरिक परेशानी मुक्त और सुरक्षित भुगतान का अनुभव करने के लिए यूपीआई से जुड़ा प्रीपेड भुगतान उपकरण खोल सकते हैं। उनके बटुए में 2000 रुपये पहले से जमा कर दिए जाएंगे, जिसका वे अपनी इच्छानुसार उपयोग कर सकते हैं।

### डिजिटल इंडिया एक्सपीरियंस जोन

यह हॉल 4 और हॉल 14 में स्थापित है। आगंतुकों को भारत द्वारा कार्यान्वित की जा रही प्रौद्योगिकी की जानकारी प्रदान करेगा। यह जोन डिजिटल इंडिया की महत्वपूर्ण पहलों के बारे में जानकारी प्रदान करेगा।

### आरबीआई का इनोवेशन पवेलियन

भारतीय रिजर्व बैंक अत्याधुनिक वित्तीय तकनीकों का प्रदर्शन करेगा, जो वित्तीय परिदृश्य में क्रांति लाने की उनकी क्षमता को दिखाएगा। इसमें वित्तीय क्षेत्र में भारत के नवाचार के अनूठे पहलुओं को प्रदर्शित करने वाले उत्पाद होंगे। इनमें सेंट्रल बैंक डिजिटल मुद्रा, डिजिटल पेपरलेस तरीके से कर्ज प्रदान करने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए तकनीक देख सकेंगे।

### शिल्प बाजार

भारत मंडपम में हॉल नंबर 3 में एक शिल्प बाजार बनाया गया है। यहां एक जिला एक उत्पाद और जीआई-टैग वाली वस्तुओं पर विशेष ध्यान देने के साथ भारत के विभिन्न हिस्सों से हस्तशिल्प उत्पाद मिलेंगे। यह प्रतिनिधियों को स्थानीय रूप से प्राप्त उत्पादों को खरीदने का अनूठा अवसर प्रदान करेगा। लगभग 30 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की संस्थाएं हिस्सा ले रही हैं।

नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित होने वाले शिखर सम्मेलन में शिरकत करने के लिए शुक्रवार को पहुंचे अमेरिका से आए मेहमान। • रॉयटर्स